# कांग्रेस ने संविधान को लेकर हमेशा जनता के बीच भ्रम फैलाया : राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष के व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि संसद में हंगामा, मकर द्वार पर धक्का मुक्की, हिंसक तौर तरीके जनप्रतिनिधियों के लिए शोभा नहीं देता। मैं स्वयं संसद के द्वार पर भाजपा सांसदों के साथ वहां उपस्थित था, यह दृश्य अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस विषयहीन मुद्दों पर आंदोलन कर रही है, लेकिन इसे जनता समझती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार निरंतर जनहितैषी कार्य कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि विपक्षी नेताओं द्वारा संविधान, बाबा साहब और आरक्षण को लेकर हमेशा जनता को भ्रमित करने का काम किया है, लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया, नेता प्रतिपक्ष विदेश में जाकर आरक्षण समाप्त करने की बात करते है। भाजपा

> ■ **'कुवैत ही नहीं, 20 से अधिक देशों ने मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान, यह उनकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता का परिणाम'**

ने बाबा साहब अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है। बाबा साहब के पंच तीर्थ स्थलों को विकसित करने के साथ उनकी भावनाओं को चरितार्थ करने का काम भी भाजपा ने ही किया, कांग्रेस ने सिर्फ बाबा साहब के नाम पर राजनीति ही की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुस्लिम देश कुवैत में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाना देशवासिशें के लिए गौरव की बात है। कुवैत ही नहीं करीबन 20 से अधिक देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी विदेश नीति, व्यवहार, वसुधैव कुटुम्बकम का भाव जैसे कार्यों के चलते सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। यह उनकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा अपने संगठनात्मक कार्यों और जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करें और संगठन को और मजबूत बनाएं। संगठन पर्व में बूथ समिति के साथ मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव किए जाएंगे। भाजपा संगठन में योग्यता के अनुसार सभी कार्यकर्ता को कार्य दिया जाएगा। राठौड़ ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भाजपा की ओर से देशभर में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाएगा। सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 दिसंबर को देशभर में "वीर बाल दिवस" मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस पर सिख गुरू गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।विपक्ष मनु स्मृति की चर्चा कर रहा है, जबकि आसन द्वारा मांगने पर मना कर दिया गया और कहा गया कि एक ही कॉपी है। जब जो समाज में है ही नहीं, उसकी चर्चा क्यों की जा रही है। अगर आप मनु स्मृति की बात करते हो तो सरिया कानून की बात भी करो, जिसका कि आप खुलकर समर्थन करते हो। लेकिन ये उस पर चर्चा नहीं करेंगे। संविधान में जिसकी कोई व्यवस्था नहीं है उसकी चर्चा करके समाज को भ्रमित नहीं करना चाहिए।



शीतकालीन सत्र के समापन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू व अन्य दलों के नेताओं ने लोकसभा चैम्बर में मुलाकात की।

# परोपकार और सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना : राज्यपाल



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को गांव पदमपुरा बाड़ा में श्री कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेगा नेत्र चिकित्सा शिविर का अवलोकन कर वहां भर्ती मरीजों से संवाद किया।

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को गांव पदमपुरा, बाड़ा में श्री कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेगा नेत्र चिकित्सा शिविर का अवलोकन कर वहां भर्ती मरीजों से संवाद किया। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीब, पिछड़ों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने इस दौरान कहा कि परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है। चिकित्सा से जुड़ा सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना है। उन्होंने वहां पर नेत्र चिकित्सा से लाभान्वित काश्तकारों, श्रमिकों की बेहतर और नि:शुल्क चिकित्सा व्यवस्था की सराहना की।

निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन समारोह में उन्होंने राज्य सरकार और केंद्र सरकार की आरोग्य समृद्धि योजनाओं के बारे में भी विशेष रूप से बताया तथा कहा कि किसानों, मजदूरों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे विकास कार्यों का जनहित में अधिकाधिक प्रसार होना चाहिए ताकि योजनाओं का समुचित लोगों तक लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पर-पीड़ा निवारण के लिए किए जाने वाले कार्य जन-जन तक पहुंचते हैं तभी उनकी सार्थकता होती है।

राज्यपाल ने निजी ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा और दवाओं, चश्मों, लेंस और अन्य उपकरणों के वितरण को अनुकरणीय बताया। उन्होंने मरीजों से संवाद करते हुए उनके हाल-चाल भी जाने। उन्होंने सरकार के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, निजी क्षेत्र आदि को भी चिकित्सा सेवाओं में सहयोग देने और अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया।

आरंभ में गुलाब कौशल्या चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी नरेश कुमार मेहता ने ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का एक लाख ऑपरेशन नि:शुल्क करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पदम ज्योति नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा सेवा कार्य के अंतर्गत पिछड़े वर्ग के बालकों को शिक्षा-छात्रवृति, पुस्तकें आदि भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

राज्यपाल ने शिविर में नाक से बजाए जाने वाले वाद्य यंत्र अलगोजा की प्रस्तुति भी सुनी। उन्होंने इसके लिए लोक कलाकार की सराहना करते हुए कहा कि लुप्तप्राय: ऐसे वाद्य यंत्रों को बजाने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# पी.आर.एन. के सफल आवंटी को भूखंड नहीं देने पर अवमानना नोटिस

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद पृथ्वीराज नगर योजना के सफल आवंटी को भूखंड का आवंटन नहीं करने पर प्रमुख यूडीएच सचिव वैभव गालरिया और जेडीसी आनंदी को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश कमलेश्वर चन्द गुप्ता की अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता मयंक गुप्ता और अधिवक्ता संतोष कुमार सोनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता पृथ्वीराज नगर योजना के मूल आवंटी हैं। हाईकोर्ट ने सुगन सिंह के जुलाई, 2013 में आदेश दिए थे कि जिन आवंटियों ने पूरी राशि जमा करा दी है और कल्पना नगर में भूखंड स्वीकार नहीं किया है, उन्हें पीआरएन में भूखंड दिया जाए। वहीं बाद में हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर इस संबंध में जेडीए के समक्ष अपना अभ्यावेदन देने को कहा। जिसकी पालना में याचिकाकर्ता ने जेडीए में अभ्यावेदन पेश कर पीआरएन में भूखंड आवंटन की गुहार की, लेकिन उसे अभी तक भूखंड नहीं दिया गया। दूसरी ओर पीआरएन के ही एक हिस्से में जेडीए भूखंड नीलामी कर रहा है।

# पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षाविदों ने कलेक्ट्रेट में "सुशासन" पर दिया संबोधन

**जयपुर ।** सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला को सेवानिवृत आईएएस राजेश्वर सिंह, पूर्व आईएफएस दीपनारायण पाण्डेय और शिक्षाविद प्रोफेसर विद्या जैन ने कार्यशाला को संबोधित किया।

कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में रास्ता खोलो अभियान, नशा मुक्त जयपुर अभियान, सक्षम जयपुर अभियान एवं ज्ञानधरा अभियान सहित जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सुशासन की दिशा में संचालित नवाचारों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में सुशासन सप्ताह के तहत समस्त विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों द्वारा तैयार जिला- जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू का विजन डॉक्यूमेंट- 2047 का विमोचन किया गया। इस दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा तैयार की गई सुशासन की दिशा में जयपुर जिला प्रशासन के प्रयास वीडियो फिल्म का प्रसारण किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सुशासन के जरिये समाज के अंतिम तबके तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुंचाने की की जरूरत पर बल दिया।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि सुशासन सप्ताह के दौरान जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। प्रशासन गांवों की ओर अभियान, सुशासन सप्ताह शिविर, रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम, आदि के बारे में भी बताया गया। युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, कौशल विकास एवं उद्यिमता कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में अतिरिक्त कलक्टर आशीष कुमार, कुंतल विश्नोई, सुमन पंवार, देवेन्द्र कुमार जैन, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद रहे।




सेवानिवृत आईएएस राजेश्वर सिंह, पूर्व आईएफएस दीपनारायण पाण्डेय और शिक्षाविद प्रोफेसर विद्या जैन ने कार्यशाला में सुशासन सप्ताह के तहत समस्त विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों द्वारा तैयार जिला-जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू का विजन डॉक्यूमेंट-2047 का विमोचन किया।

# तनोट माता मंदिर राजस्थान के धार्मिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि राजस्थान के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मंदिर के मास्टर प्लान के तहत चरणबद्ध रूप से काम कर इसे विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर तनोट माता मंदिर क्षेत्र के मास्टर प्लान को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के क्षेत्र में अत्याधुनिक विकास कार्य किए जाएं जिससे यहां आने वाले पर्यटक देश के प्रति गौरवान्वित हों तथा उनमें देशभक्ति का भाव जागृत हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य मंदिर तथा प्रवेश द्वार के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देते हुए पूरे परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं।

शर्मा ने कहा कि मंदिर को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाते हुए स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार और आर्थिक अवसरों का सृजन भी किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट, डेजर्ट सफारी सहित मंदिर के मास्टरप्लान के तहत बनने वाले सभी अत्याधुनिक सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, शासन सचिव पर्यटन रवि जैन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# भजनलाल सरकार ने एक साल में ऐतिहासिक कार्य किए : गोठवाल

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने एक साल में युवा, महिला, गरीब और किसान सहित हर वर्ग, हर समुदाय के कल्याण तथा उत्थान के लिए कार्य किया। फिर चाहे वो युवाओं को रोजगार देने का मामला हो, महिला अपराध के मामलों को नियंत्रण करने का मामला हो, या फिर किसानों के सम्मान के तौर पर सम्मान निधि देने का मामला हो, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र के 50 फीसदी वादे सरकार के पहले ही साल में पूरे कर दिए।

गोठवाल ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर किए गए विकास कार्यों को लेकर प्रदेशभर में जिला स्तर पर प्रेसवार्ताएं की जाएगी।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया- पाया**

श्री पार्श्वनाथ दि. जैन सेवा समिति 33/85 से. 3, प्रताप नगर, सांगानेर के मूल दस्तावेज 1. समिति का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र क्र. 37/211-12, 2. रकम जमा कराने का चालान 32/ 19/04/2011, 3. विधान नियमावली, संघ विधान पत्र, तथा विधान नियमावली, अलॉटमेन्ट लेटर नं. 1269/ 24/02/1992 रा. आवासन मण्डल 33/85 का व समिति सम्बन्धित मूल कागजात टोंक रोड पर गुम हो गये हैं। मिलने पर सूचित करें। (जितेन्द्र कुमार जैन)- मंत्री मो.- 9460070208

( रजि. संख्या 2362 /एल दिनांक 20.05.1966 )
**स्वर्णकार गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर**
कार्यालय: 1403, दूसरा चौराहा, खूटेटों का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर

क्रमांक:एसपी-1 दिनांक: 23.12.2024

**विशेष आम सभा का नोटिस**

**स्वर्णकार गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर** के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक** 08.01.2025 **को प्रात: 11.30 बजे** सोसायटी के पंजीकृत कार्यालय 1403, **दूसरा चौराहा, खूटेटों का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर पर** सोसायटी के सदस्यो की **विशेष आम सभा** आयोजित की जाएगी जिसके विचारणीय विषयबिन्दु निम्नलिखितानुसार रहेगें-
1. गत वार्षिक आम सभा की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार।
2. समिति की वर्ष 2009-11 से 2023-24 की बकाया ऑडिट रिर्पोटो के अनुमोदन पर विचार। 3. समिति की ऑडिट अनुपालना रिपोर्ट के अनुमोदन पर विचार।
4. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञानुसार।
**नोट:**-कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा उसी दिन दोपहर 12.30 बजे उसी स्थान पर पुन: आयोजित की जायेगी जिसमें विचारणीय विषय यथावत रहेगें। **आज्ञा से, अध्यक्ष**

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या एकता गोयल, निवासी- 3/60/2 विद्याधर नगर जयपुर ने सम्पत्ति स्टोर बी-21 व बी-22 टयूलिप एन्क्लेव सैंट्रल स्पाईन, विधधार नगर जयपुर को श्री दिनेश चन्द सैनी पुत्र रामेश चन्द सैनी से क्रय करने का इकरारनामा दिनांक 30.09.2024 को किया है। उक्त क्रय-विक्रय के सौदे में किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी बैंक, अर्द्धसरकारी बैंक वित्तीय संस्था आदि को कोई उज्र आपत्ति हो तो आगामी सात दिवस में मुझे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दर्ज करवाए। बाद गुजरने मियाद सभी आपत्ति उज्र अमान्य व शून्य समझे जावें।
**(सतीश मोदी) एडवोकेट, मो-9314833316**

**सार्वजनिक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : ()जविप्रा/उपा/जोन-11/2024/डी-4318 दिनांक: 18.12.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रजत गोयल पुत्र श्री अनिल कुमार गोयल द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम पालडी परसा के आवासीय भूखण्ड संख्या 789 क्षेत्रफल 240 वर्गमीटर के नाम हस्तांतरण व लीज होल्ड से फ्री-होल्ड लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार सेज पुनर्वास योजना ग्राम पालडी परसा के आवासीय भूखण्ड संख्या 789 क्षेत्रफल 240 वर्गमीटर की लीजडीड क्रमांक 2516 दिनांक 31.01.2013 को श्री महेश कुमार पुत्र श्री पुरूषोतम लाल पंजाबी जरिये मुखत्यारआम श्री महेश अग्रवाल पुत्र श्री प्रहलाद अग्रवाल के पक्ष में जारी की गई थी। अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण/लीजडीड किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी/संस्था एवं अन्य को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। **उपायुक्त जोन-11**

## खोया पाया

मेरे मकान नम्बर 105/149 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का सभी ओरिजनल डॉक्यूमेंट की फाइल कहीं खो गई मिलने पर सूचित करें- राम रॉय जाट

मेरे फ्लैट नंबर E-2-9, 2ND फ्लोर ग्रुप हाउसिंग की योजना रॉयल प्लैटिनम, रामनगरिया जयपुर के सम्पूर्ण दस्तावेज कही गुम हो गये है मिलने पर सूचित करे राहुल जारेडा मो. नं- 9414848580

भूखण्ड संख्या 30, योजना रघुनन्दन विहार का जविप्रा द्वारा जारी पट्टा, साईट प्लान एवं स्टाम्प कहीं खो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। रेणु अग्रवाल पत्नी श्री सुरेश अग्रवाल मो.8058917663

## नाम परिवर्तन

मैं काजल गौतम सिंह धर्मपत्नी उमेश एम. पटेल निवासी - बी-204, विरासत अफलुस पुष्पा होण्डा शौरूम के पीछे, सांगानेर मेरे नाम से जारी शैक्षिणक दस्तावेजात पेन कार्ड एवं दसवीं की मार्कसीट में काजल गौतमकुमार सिंह अंकित है जिसको मैं अब बदलकर काजल गौतम सिंह रख लिया है भविष्य में मुझे काजल गौतम सिंह के नाम से जाना जावे।

मैंने मेरा अपना नाम राममोवतार सिंह से बदलकर राममोवतार समोता पुत्र श्री बोदूराम रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। ढाणी रुडावाली तहसील श्रीमाधोपुर गांव जयरामपुर सीकर राजस्थान

मैंनं अपने पुत्र का नाम काव्य शर्मा (KAVYA SHARMA) से बदलकर काव्य शर्मा (KAVY SHARMA) रख दिया है। भविष्य में उसे काव्य शर्मा (KAVY SHARMA) पुत्र रश्मि मिश्रा पत्नी श्री राजीव शर्मा का नाम से जाना जावे। निवासीः 4299, लंगर के बालाजी का रास्ता, गणगौरी बाजार, पुरानी बस्ती,जयपुर

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)

क्रमांक :- ज.स.अ./2024/213 दिनांक :- 23/12/2024

**ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 52/2024-25**

नगर निगम ग्रेटर जयपुर हेतु निरीक्षण वाहन आपूर्ति कार्य हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in** पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के **UBN No. JMC2425SLOB01065** पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त (गैराज), नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राज.संवाद/सी/24/9447

राजस्थान सरकार

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस
24 दिसंबर, 2024

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

"VIRTUAL HEARINGS & DIGITAL ACCESS TO CONSUMER JUSTICE"

राज्य-जिला उपभोक्ता आयोगों में मध्यस्थता व्यवस्था का शुभारंभ

"उपभोक्ता के रूप में सूचना के अधिकार का अर्थ क्या है?"

सूचना का अधिकार उपभोक्ता को माल की गुणवत्ता, मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और कीमत से अवगत कराने का अधिकार है, ताकि वह अनुचित व्यापार से बच सके।

उपभोक्ता के अधिकार

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत उपभोक्ताओं को 6 अधिकार
- सुरक्षा का अधिकार
- चयन का अधिकार
- सुनवाई का अधिकार
- प्रतितोष पाने का अधिकार
- संसूचित किए जाने का अधिकार
- उपभोक्ता जागरुकता का अधिकार

जागरूक उपभोक्ता बनें, अपने अधिकारों का उपयोग करें

तौलवाले सामान की खरीद करते समय तराजू पर ध्यान दें।
यदि धोखाधड़ी हो, तो राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शिकायत करें।

राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन
टोल फ्री नंबर: 14435 & 1800-180-6030 72300 86030
https://consumeraffairs.rajasthan.gov.in

JAGO GRAHAK JAGO

उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार

राजस्थान संवाद